सार-समाचार

कालन्द्री में शिविर आयोजित

रेवदर, (निसं)। सिरोही जिले में रेवदर के निकट कालन्द्री में सोमवार को सरतरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जिला प्रमुख अर्जन पुरोहित प्रधान हंसमुख मेघवाल पंचायत प्रशासक पेपी देवी शिविर प्रभारी बीडीओ मंछाराम उपतहसीलदार कालन्द्री जिला परिषद सदस्य मधु देवी आदी की मौजूदगी मे शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथयों का स्वागत सत्कार किया। साथ ही विभिन्न विकास राजस्व पीएचडी चिकित्सा स्वास्थ्य आयुर्वेदिक पंचायतीराज वन बिजली कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे। विभिन्न विभागो से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा कर जनहित के कार्य को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला प्रमुख ने पीएचडी को वलदरा मामावली सिलोईया मे जेजेएम स्कीम से बने पानी टंकी और घर घर पानी देने मे आ रही अनियमितता को तत्काल दुरूस्त करने और सरतरा मे रोड लाईट वोल्टेज समस्या के समाधान करने के बिजली विभाग को निर्देश दिए। प्रधान ने सरतरा में पेयजल हेतू 30 लाख स्वीकृती की जानकारी दी। इस दौरान लोगो ने नाली मरम्मत करने आरओ नियम चालू रखने की मांग रखी। सरपंच प्रतिनिधि गीरीश देवासी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्य म का मंच संचालन सुरेश पुरोहित जुगनू ने करते हुए वलदरा मे सामान्य शिक्षा विभाग का प्राथमिक विधालय खुलवाने तथा फाचरिया वलदरा करीब दो तीन किलोमीटर डामर सडक बनाने की मांग रखते हुए कहा कि वलदरा गांव मे शिक्षा व्यवस्था समुचित नही होने से गांव से करीब 20-25० बच्चे अन्य पढ़ने जा रहे है। साथ ही फाचरिया वलदरा सडक बनने से दो दर्जन गांव के लोगो को सीधा फायदा होगा। इस दौरान वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वीडीओ पीराराम वेलाराम पुरोहित ओटाराम चौधरी आरआई ब्रदी पटेल महेन्द्र सिंह महीपालसिह शैलसिह शंकर पुरोहित डॉ अंकिता नराणीया जेईएन बिजली पंकज पीएचडी जेईएन प्रियंका भैरूदान गोकूल देवासी मगन मेघवाल वागाराम मेघवाल बाबुलाल मेघवाल फुसाराम मेघवाल सहित कई जने मौजूद रहे।

बच्चों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

बालोतरा, (निसं)। ग्राम पंचायत सिमरखिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जुलाई माह के पहले सोमवार को बच्चों को नशा मुक्ति और तंबाकू के उपयोग से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय की इस पहल का उद्देश्य युवा पीढी को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बच्चों को यह भी समझाया गया कि तंबाकू और इसके उत्पाद कितने हानिकारक होते हैं और इनका सेवन कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। सभी बच्चों ने एक साथ मिलकर नशा न करने और अपने आसपास दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इस अवसर पर मौजूद प्राचार्य ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे गांव के बच्चे नशे से दूर रहें और एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही सही दिशा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्य म बच्चों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने और उन्हें एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक एवं परिजन भी उपस्थित रहे।

दुदावा कॉलोनी बदहाल, लोग परेशान

भीनमाल, (निसं)। भीनमाल शहर के वार्ड संख्या 13 स्थित दुदावा कॉलोनी के रहवासी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों ने उपखंड अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा और कॉलोनी की गंभीर समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में कॉलोनी में व्याप्त प्रमुख समस्याओं को विस्तार से बताया गया है। कॉलोनी में कई वर्षों से नालियों और सडकों का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बरसात के दिनों में गंदा पानी घरों में भर जाता है। रास्तों पर कीचड व गंदगी के चलते वाहन चलाना और पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा कॉलोनी में पीने के पानी की भी भारी किल्लत है। कई जगहों पर अब तक न तो पाइपलाइन बिछाई गई है और न ही नियमित जलापूर्ति हो रही है, जिससे लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। निवासियों ने बताया कि नगरपालिका द्वारा नियमित सफाई नहीं करवाई जाती, जिससे गंदगी के ढेर लगे रहते हैं और बीमारियों का खतरा बना रहता है। वहीं, कॉलोनी में स्ट्रीट लाइटें भी खराब पडी हैं, जिससे रात के समय महिलाओं और बच्चों को असुरक्षा का सामना करना पडता है। क्षेत्रवासियों ने चेताया कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्यवाही कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की है।

संतों के सानिध्य में होगा कला गुरू सम्मान

बालोतरा, (निसं)। संस्कार भारती की ओर से श्री गुरू पुर्णिमा के पावन पर्व पर आयोज्य कला गुरू सम्मान समारोह 2025 का आयोजन मंगलवार को सायं 4 बजे लघु उद्योग मण्डल भवन में आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डूंगर माली ने बताया कि समारोह में सानिध्य परशुरामगिरी महाराज मठ कनाना का होगा। मुख्य आतिथ्य नन्दलाल बाबाजी, वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अध्यक्षता डां. जितेंद्र परमार जालोरी, प्रांतीय अध्यक्ष, संस्कार भारती,जोधपुर, विशिष्ठ अतिथि शान्तीलाल बालड, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष,लघु उद्योग भारती, राजस्थान व पूनमचंद सुथार, प्रांतीय महामंत्री, संस्कार भारती, जोधपुर, सुरेश चितारा, प्रांतीय मंत्री, संस्कार भारती, जोधपुर, उत्तमसिंह राजपुरोहित, प्रांतीय कोषाध्यक्ष, संस्कार भारती,जोधपुर के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। संस्कार भारती जिला महामंत्री अमित दवे ने बताया कि इस सम्मान समारोह में साहित्य विधा में पृथ्वीराज दवे, मंगलाराम पंवार, मंचीय विधा में रामेश्वर माली व इन्द्रगिरी गोस्वामी, सिवाना, लोककला विधा में राजेंद्रसिंह राजपुरोहित, सिलोर व राणाराम ढोली, बोरावास, स्थापत्य कला एवं प्राचीन धरोहर विधा में बाबुलाल सुथार व जगदीश प्रजापत, पचपदरा को सम्मानित किया जाएगा। सफल आयोजन के लिए संस्थान के समस्त प्रेरणापुंज पदाधिकारी, विधा प्रमुख और संस्कार मित्र तैयारियों के साथ जुटे हुए हैं।

कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम किया

भीनमाल, (निसं)। ग्राम पंचायत फागोतरा में दीनदयाल अंत्योदय संबल शिविर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और बच्चियां शामिल हुई। कार्यक्रम का आयोजन महिला अधिकारिता विभाग जालोर के सहायक निदेशक योगेंद्र देथा के आदेशानुसार किया गया।जिसमें विकास अधिकारी के निर्देशन में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक सोहनी विश्नोई ने कार्यक्रम में लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की शपथ दिलाई। ड्रॉप आउट बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ने एवं स्टेट ओपन के आवेदन करवाने साथ ही लाड़ली प्रोत्साहन योजना के बारे जानकारी देते हुए विकास अधिकारी राजेन्द्र पाल के हाथों केक कटवाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर सरपच पालु देवी, ग्राम सेवक भगवती देवी,नीलू देवी सहित बालिकाएं व महिलाएं उपस्थित रही।

डॉ. सोनी आज करेंगे रात्रि चौपाल

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा जिले में पाटोदी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत साजियाली पदमसिंह में मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी रात्रि चौपाल करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी सहायक प्रियंका शर्मा ने बताया कि मंगलवार को शाम 7 बजे अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी की अध्यक्षता में पाटोदी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत साजियाली पदमसिंह में रात्रि चौपाल होगी। उन्होंने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

नामांकित करवाने को एप लांच

बालोतरा, (निसं)। निदेशालय, नागरिक सुरक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिये महानिदेशक, अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षा भारत सरकार द्वार जारी किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि बालोतरा जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आवेदन कर सकते है।

श्रावणमासीय कथा व चातुर्मास से भक्तिमय होगा जालोर : गर्ग

जालोर, (कासं)। श्रावणमासीय कथा एवं समरसता चातुर्मास महोत्सव कथा वाचक युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के चातुर्मास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक व समिति अध्यक्ष जोगेश्वर गर्ग सहित सेवा समिति के पदाधिकारियों ने समिति कार्यालय, गुरुकुल मल्लेश्वर मठ जालोर क्लब के पीछे में पत्रकार वार्ता की।

राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक व समिति अध्यक्ष जोगेश्वर गर्ग ने कार्यक्रम को लेकर पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 11 जुलाई को युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज का शाम 5 बजे नगर प्रवेश होगा।नगर प्रवेश महिला महाविद्यालय आहोर रोड जालोर से रवाना होकर भक्तों के साथ पैदल कथा स्थल भगतसिंह क्रीडा मैदान पर पहुचेंगे। जहां पर ध्वज पूजन होगा। 12जुलाई को सुबह 8 बजे भक्त प्रहलाद चौक बड़ी पोल के बाहर से भव्य कलश यात्रा निकलेगी। जिसमे करीब 5 हजार माताएं-बहिनें कलश धारण करके एक जैसी वस्त्र में भाग लेंगी। कार्यक्रम में शहर के हजारों भक्त भाग लेंगे।कलश यात्रा भक्त प्रह्लाद चौक से प्रारम्भ होकर घांचीयो की पिलानी, सुभाष मार्किट,सदर बाजार, गांधी चौक, सरदार पटेलमार्ग,भारत माता चोक, हरिदेव सर्कल,अस्पताल चौराया, जालोर क्लब के आगे से कथा स्थल पहुंचेगी। जहां कथा व्यास युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के मुखारबिंद से श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा जो 12 जुलाई से 18 जुलाई तक होगा।

जालोर में श्रावणमासीय कथा एवं समरसता चातुर्मास महोत्सव को लेकर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग प्रेस से रुबरु हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

इसके बाद नानी बाई का मायरा, मीरा चरित्र कथा, बाबा रामदेव लीलामृत कथा रहेगी। अंत में 8 अगस्त को आशी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। श्रावण के प्रत्येक सोमवार को देवाधिदेव महादेव की विशेष पूजा अभिषेक एवं अनुष्ठान होगा। कार्यक्रम के दौरान जालोर नगर सहित आस पास के गांवों के हजारों भक्त भाग लेंगे। गर्ग ने कहा कि यह अदभूत व ऐतिहासिक आयोजन होगा। श्रावणमासीय कथा एवं समरसता चातुर्मास महोत्सव से जालोर भक्तिमय होगा। साथ ही मुख्य सचेतक व समिति अध्यक्ष जोगेश्वर गर्ग द्वारा सभी पत्रकार बंधुओं को आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया।

पत्रकार वार्ता के दौरान समिति उपाध्यक्ष भवानीसिंह धांधिया, सचिव कानाराम मेघवाल, मीडिया प्रभारी सुरेश सोलंकी, रवि सोलंकी, गणपतसिंह बगेडिया, महेश भट्ट, दिनेश महावर, सुरेश सुंदेशा, अचलसिंह परिहार, रतन सुथार,नाथू सोलंकी, राजकुमार चौहान, गोकुलराम मेघवाल, दिलीप सोलंकी,रामेश्वर लाल प्रजापत सहित सदस्य उपस्थित थे।

श्रावणमास कथा व चातुर्मास कार्यक्रम को लेकर सोमवार को जालोर के समिति कार्यालय गुरुकुल में मातृशक्ति की बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचेतक विधानसभा राजस्थान व समिति अध्यक्ष जोगेश्वर गर्ग ने की। समिति की बैठक गुरुकुल कार्यालय में आयोजित हुई जिसमें शहर की मातृशक्ति ने भाग लिया मातृशक्ति को अलग-अलग मोहल्ला वाइज पत्रिका वितरण व कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रचार के लिए टोलिया बनाई। महिलाओं ने कहा कि हम पूरे शहर में हर घर तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, सचिव कानाराम मेघवाल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जेतालिया, मीडिया प्रभारी सुरेश सोलंकी, महेश भट्ट, विजय राज चौहान, दिनेश आदि मौजूद थे।

हमें अपनी शक्ति धर्म कार्य में लगानी है : सुमति मुनि

जोधपुर, (कासं)। चोरड़िया भवन में चार्तुमास विराजित तत्व चिंतक सुमति मुनि ने सोमवार को अपनी देशना फरमाते हुए कहा कि श्रावक का लक्ष्य साधु बनना है। साईकल को स्टेण्ड पर खड़ी पर रखकर गति करने पर चलती नहीं है। हमें अपनी शक्ति धर्म कार्य में लगाना है। हम व सामायिक का संकल्प आत्मा की साक्षी, परमात्मा एवं गुरु की साक्षी से स्वीकार करने से हमारी आराधना सुदृढ़ होगी। भंते का अर्थ है- आत्मा, परमात्मा एवं महात्मा की साक्षी से प्रत्याख्यान करने पर अब चिंता की जरूरत नहीं है। भंते की भीतर से आवाज आने पर हमें आत्मा, परमात्मा एव महात्मा की याद करने से साधना मार्ग में प्रगति होती है।

मुनि ने कहा कि हमारी नासमझी के कारण कोई बाहरी वस्तु नहीं मिले तो कर्मों पर, माता-पिता, परिवार जन को दोष नहीं दें। हमारी आत्मा इससे पहले भी थी, वर्तमान में है व भविष्य में रहेगी। हमेशा शरीर की मिट्टी होती है। जो उत्पन्न होता है उसको समाप्त होना ही है। जन्म-मरण के मध्य आत्मा है। आत्मा ही सामायिक है। हमें जन्म-मरण की चिंता त्याग कर, अंतिम समय तक आनन्द - खुशी के भाव रहना है। सामायिक में हम वर्तमान भाव में रहते हुए प्रेम, मैत्री एवं धन्यवादभाव रखने से चिंता मुक्त हो जाते हैं। भंते,आपकी साक्षी से सामायिक स्वीकार करता हूं। समभाव में रहने का प्रयास करूंगा, कदाचित कोई कलुषता आ जाये तो आपकी शरण स्वीकार करता हूं।

इससे पूर्व महासती नगीना ने कहा परिवार वाले ही दीक्षा लेते हैं। अर्जुन के सामने परिवार था लेकिन श्रीकृष्ण ने कहा गीता की जरूरत है। हमे पहले वैराग्य तो आया लेकिन गुरु नहीं मिला। करेमि मंते में छ. आवश्यक आ जाते है। प्रत्याख्यान करने से आकाश तत्व शुद्ध होता है जिससे हम हर प्राणी को जगह देते हैं। कार्योत्सर्ग करने से वायु तत्व शुद्ध होता है इससे वात-पित्त-कफ का नाश होता है। प्रतिक्रमण करने से अग्नी तत्व शुद्ध होता है। अपनी गलतिया जानकर हमारी कषाय अग्नि बुझ जाती है, चेहरे पर ओज व तेज प्रकट होता है। वंदना करने से जलतत्व प्रकट होकर शुद्ध होता है। स्तुतिकरने से पृथ्वी तत्व शुद्ध होता है अब मैं परमात्मा की शरण में हूँ के ही हमारे मंगल एवं आधार है।

महासतीजी ने कहा कि प्याले में बासी चाय को जब तक खाली नहीं करेगे तब तक ताजीचाय का स्वाद नहीं आयेगा । हमारे विकार को निकाल करके हमें आत्मा में लीन रहना है।

एकलव्य फाउंडेशन की बैठक आयोजित

जालोर में एकलव्य फाउंडेशन की बैठक में 12 व 13 जुलाई को होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता की तैयारी पर चर्चा की। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। स्थानीय निजी होटल विजय पैराडाइज में सोमवार को एकलव्य फाउण्डेशन की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में एकलव्य फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 12 जुलाई और 13 जुलाई को राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई । एकलव्य फाउण्डेशन के सचिव भारत जीनगर ने बताया कि जालोर में इस प्रकार की प्रतियोगिता का प्रथम बार आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के सभी जिलों के लगभग 150 खिलाडी भाग ले रहे हैं । इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग के अंडर-9, अंडर -13, अंडर - 17, 60 और ओपन वर्ग में विभाजित करके अलग-अलग वर्ग के विजेताओं को सिल्वर मेडल ट्रॉफी तथा अन्य पुरस्कारों के साथ एक लाख, इक्कीस हजार रुपए के नगद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे । बाहर से आने वाले सभी खिलाडियों के रहने की और भोजन की व्यवस्था एकलव्य फाउण्डेशन द्वारा की गई है। इस बैठक में एक फाउण्डेशन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए जिसमें अध्यक्ष पी. बी. सेन, सचिव भरत जीनगर, से सचिव शिव सिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार, सह-कोषाध्यक्ष संपत आर्य, सलाहकार डॉ पवन ओझा, टूर्नामेंट डायरेक्टर चारुल शर्मा, फिडे ऑर्बिटर मनीष ठाकुर, डिप्टी चीफ ऑर्बिटर भंवरलाल सुथार, न्याज मोहम्मद, दीपक त्रिवेदी, किशन आडवाणी आदि उपस्थित रहे।

अमानक स्तर का घी विक्रय करने पर 2 लाख 5 हजार का जुर्माना

जैसलमेर, (नि.सं.)। उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान के अंतर्गत न्याय निर्णय अधिकारी अतिरिक्त जिला कलैक्टर परसाराम द्वारा मैसर्स चौधरी किराना स्टोर, चांधन, अन्य के विरूद्ध प्रस्तुत इस्तगासे में नमन ब्राण्ड के घी के अमानक स्तर एवं सब स्टेण्डर्ड पाये जाने पर संयुक्त रूप से 2 लाख 5 हजार रूपये की शास्ती (जुर्माना) लगाई गई।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यवाही करते हुए मैसर्स चौधरी किराना स्टोर, मेन रोड चांधन पर जांच की जांच के दौरान इन प्रतिष्ठान पर बिक्री के लिए रखे गए नमन ब्रांड के घी के नमूने संकलित कर खाद्य विश्लेषक खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्रयोगशाला जोधपुर जांच हेतु भिजवाए गए थे। प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट में यह घी सब-स्टैंडर्ड (अमानक) श्रेणी का पाया गया, जो कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उससे संबंधित विनियमों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है। उक्त रिपोर्ट एवं साक्ष्यों के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चौधरी किराना स्टोर एवं अन्य के विरूद्ध न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर जैसलमेर में नियमानुसार प्रक्रिया अपनाते हुए इस्तगासा प्रस्तुत किया। जिस पर न्याय निर्णय अधिकारी परसाराम ने संलिप्त प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम एवं धारा 51 के तहत् नियमानुसार प्रक्रिया अपनाते हुए गैरसायल पर संयुक्त रूप से 2 लाख 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

20 ग्राम पंचायतों में अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर आयोजित

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान सोमवार को 20 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

पखवाड़े के दौरान सोमवार को जालोर उपखण्ड की तीखी, माण्डवला व बिशनगढ़, आहोर उपखण्ड की आईपुरा, वेडिया व देच्छू, बागोड़ा उपखण्ड की वाडाभाडवी व वाडानया, भीनमाल उपखण्ड की फागोतरा व जेरण, जसवंतपुरा उपखण्ड की सावीधर व बूगांव, रानीवाड़ा उपखण्ड की रानीवाड़ा कलां व मेडा, चितलवाना उपखण्ड की केसूरी व सुराचंद तथा सांचौर उपखण्ड की पांचला, मेडा जागीर, विरोल व प्रतापपुरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 8 जुलाई, मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण

बालोतरा, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने पंडित दीनदयाल अंतोदय संबल पखवाडे के अंतर्गत पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत लीलाला में चल रहे शिविर का निरीक्षण किया।

बालोतरा के जिला कलेक्टर द्वारा दिए गए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पाबंद किया तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र से एवं अडोस पडोस से शिविर में पहुंचे पशुपालकों एवं महिला पशुपालकों के साथ कृषक गोष्ठी की गई एवं मंगला पशु बीमा योजना के बारे में जानकारी देकर प्रोत्साहित किया गया।

तहसीलदार बायतु सुरेश कुमार ने बताया कि शिविर में रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर महोदय ने जो लक्ष्य दिया था उसको हासिल कर दिया गया है। कदमी रास्तों को खुलवाकर विद्यालय में पहुंचने वाले बालक बालिकाओं को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं हो यह सुनिश्चित किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने तहसीलदार बायतु को आज ही विद्यालय का निरीक्षण कर छात्रों को स्थाई रूप से विद्यालय तक पहुंचने और भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए उचित समाधान के निर्देश दिए। स्थानीय लीलाला ग्राम पंचायत की उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बालिकाओं एवं बालकों के मूल निवास प्रमाण पत्र ईमित्र के माध्यम से ऑनलाइन भरवाए गए तथा अन्य पिछडा वर्ग के जाति प्रमाण के दस्तावेज भी ऑनलाइन अपलोड करके तहसीलदार बायतु को सेंड किए गए, ताकि तत्काल प्रभाव से बहुत अधिक संख्या में उपस्थित बालिकाओं के मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनाकर शिविर की उपयोगिता को और अधिक प्रासंगिक बनाया गया। जिससे राज्य सरकार द्वारा जो जन कल्याणकारी भावना सुनिश्चित की गई है, इसका लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इसको सुनिश्चित किया गया। स्थानीय सरपंच हंसराज गोदारा ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा फुटबॉल के आकार की पानी की 1500 लीटर की टंकियो का निर्माण कर जो नवाचार किया गया। उसका अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान द्वारा अवलोकन किया गया।

शिविर से प्रस्थान के समय मुख्यमंत्री सघन वृक्षारोपण महा अभियान और एक पेड मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधा लगाकर आगे के शिविर हेतु प्रस्थान किया। इस अवसर पर हंसराज गोदारा सरंपच लीलाला, सुरेश कुमार तहसीलदार बायतु, डा. भंवरलाल बेनिवाल, पशु चिकित्सा अधिकारी, भवंरलाल गोदारा सहायक विकास अधिकारी, सहित अन्य राजकीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

भीनमाल में बी.एल.ओ. प्रशिक्षण संपन्न

भीनमाल, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार समस्त बीएलओ के प्रशिक्षण हेतु विधानसभा क्षेत्र भीनमाल 143 के बीएलओ भाग 1 से 6० तक का प्रशिक्षण विकास भवन कचहरी परिसर भीनमाल में संपन्न हुआ।

मास्टर ट्रेनर हमीर सिंह चारण व थानाराम प्रजापत ने बीएलओ कार्य पर प्रकाश डालते हुए जानकारी प्रदान की इसमें उन्होंने बीएलओ की भूमिका निर्वहन, आवेदन फॉर्म भरने का कार्य व मूल्यांकन तथा केस स्टडी पर विस्तार से बताया गया। नई दिल्ली से प्रशिक्षित ए ग्रेड बीएलओ शंकरलाल गहलोत ने वोटर हेल्पलाइन ऐप तथा बीएलओ ऐप पर कार्य करने पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। ऐप में डाउनलोड, लोगीन, होम पेज, फॉर्म आवेदन 6, 6क, 6ख, 7 व 8 सबमिट करने की जानकारी विस्तार से प्रोजेक्ट के माध्यम से बतायी गई इसमें चेक लिस्ट, घर-घर सर्वे व मतदान केंद्र में सुविधाओं को अपडेट पर विस्तार से बताया गया । इसी प्रकार वोटर हेल्पलाइन ऐप पर अद्यतन की जानकारी प्रदान की गई। एएलएमटी हमीर सिंह ने ऑनलाइन एसेसमेंट के साथ-साथ संपूर्ण प्रशिक्षण का संचालन किया। प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर की व्यवस्था सरवन कुमार जीनगर वरिष्ठ अध्यापक ने की। इसी प्रकार आगामी 8 व 9 जुलाई 2025 तथा 14 व 15 जुलाई 2०25 को भी शेष बीएलओ का प्रशिक्षण विकास भवन में आयोजित किया जाएगा।

परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. गावंडे

जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे की अध्यक्षता में अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, कासं)। जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें संपर्क पोर्टल व विभागी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन, लाडो प्रोत्साहन योजना, अमृत योजना, कुसुम योजना, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, पंच गौरव योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं को विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी औसत समय में कमी लाते हुए परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, डिस्कॉम एसई धर्मेन्द्र प्रजापति, पीएचईडी के एसई संजय शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक योगेन्द्र देथा, केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक नारायण सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी सहित कई जने उपस्थित रहे।

बिलाड़ा स्टेशन का रेलवे कोड बदला

जोधपुर (कासं)। रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे के बिलाड़ा रेलवे स्टेशन के रेलवे कोड में परिवर्तन किया है।

जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इंडियन रेलवे कॉन्फ्रेंस एसोसिएशन द्वारा जारी पत्र के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर बिलाड़ा रेलवे स्टेशन के रेलवे कोड को नए अल्फा कोड में परिवर्तित किया गया है। इसके साथ ही उपरोक्त स्टेशन का संशोधित वर्णमाला कोड तदनुसार आरबीएस,पीआरएस एवं यूटीएस में फीड किया जा रहा है।